अनुस्मारक

भा.कृ.अनु.प. – भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान
लाइब्रेरी एवेन्यू, पूसा, नई दिल्ली–110012

सं.: 9(12)/2023–हिन्दी **दिनांक : 12 जनवरी, 2024**

परिपत्र

परिपत्र सं.: 9(12)/2023–हिन्दी, दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 के अनुसरण में समस्त प्रभागाध्यक्षों से पुनः अनुरोध है कि वे हिन्दी पत्रिका 'सांख्यिकी–विमर्श : 2023 के प्रकाशन के लिए अपने–अपने प्रभाग से कम से कम दो–दो वैज्ञानिक लेख **दिनांक 19 जनवरी, 2024** तक अवश्य भेजने की कृपा करें। उक्त पत्रिका के प्रकाशन के सम्बन्ध में :

- समस्त प्रभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे पत्रिका के लिए अपने–अपने प्रभाग से **कम से कम दो वैज्ञानिक लेख** भेजने की कृपा करें । उपलब्ध कराये जा रहे लेखों की संख्या दो से अधिक हो सकती है । प्रकाशन सामग्री प्रभागाध्यक्ष के माध्यम से भेजी जाए । प्रभागाध्यक्ष सामग्री भेजने से पूर्व उसकी विषय–वस्तु की जाँच कर लें । लेखों में प्रयुक्त तकनीकी शब्दों के साथ कोष्ठक में अँग्रेज़ी के शब्द भी दे दिये जाएँ । शब्दार्थ के लिए सभी प्रभागों को जारी वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग के 'बृहत् पारिभाषिक शब्द संग्रह' (वैज्ञानिक खंड) तथा फ़ादर कामिल बुल्के के 'अँग्रेज़ी–हिन्दी शब्दकोष' का प्रयोग किया जाए ।
- लेखों में विषय–वस्तु से सम्बन्धित आँकड़े, चित्र, तालिकाएँ, इत्यादि भी दी जाएँ। ग्राफ, चित्र इत्यादि रंगीन हों तो उचित होगा ।
- किसी भी प्रभाग द्वारा पत्रिका के लिए सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अपने लेखों को गूगल के माध्यम से अनुवाद कर उपलब्ध न करवाया जाए ।
- राजभाषा खण्ड में हिन्दी भाषा में मूलरूप से लिखे गये साहित्यिक लेख/कविताएँ, किसानों की सफलता की कहानियाँ (स्रोत का उल्लेख करते हुए), संस्थान/संस्थान के किसी कर्मी को प्राप्त राजभाषा संबंधी पुरस्कार, इत्यादि सामग्री शामिल की जाएँगी । प्राप्त सामग्री की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए ही उसे उक्त पत्रिका में शामिल करने का निर्णय संपादक मंडल द्वारा लिया जाएगा तथा संपादक मंडल का निर्णय अंतिम होगा।
- हिन्दी पखवाड़े के दौरान डिजिटल हिन्दी शोध–पत्र प्रस्तुति प्रतियोगिता के शोध–पत्रों के सार (जो प्रतियोगियों द्वारा आयोजकों को प्रस्तुत किए जाते हैं) चित्र सहित छापे जाने हैं । इसके लिए उक्त प्रतियोगिता के आयोजकों द्वारा प्रतियोगियों के द्वारा प्रस्तुत किए गए शोध–पत्रों के सार की प्रति भी अध्यक्ष, संपादक मंडल को उपलब्ध करा दी जाए ।
- सम्बन्धित सामग्री यूनीकोड फोण्ट्स में तथा 1½ स्पेसिंग में टंकित करवाकर भेजी जाए । सामग्री में लेख के शीर्षक, उप–शीर्षक तथा शेष सामग्री के फोण्ट्स का आकार गत वर्ष की पत्रिका के समान रखा जाए ।

- प्रकाशन हेतु भेजी जा रही सामग्री की सॉफ्ट कॉपी अध्यक्ष, संपादक मंडल को उनकी ई–मेल (Prawin.Arya@icar.gov.in) तथा उसकी प्रति संपादक मंडल के सदस्य, डॉ. सुशील कुमार सरकार को उनकी ई–मेल (Susheel.Sarkar@icar.gov.in) पर उपलब्ध करायी जाए ।
- प्रत्येक प्रभाग द्वारा अध्यक्ष, संपादक मंडल को लेख भेजने की **अंतिम तिथि 19 जनवरी, 2024** है। लेख को तैयार करने में सहयोगियों के नाम प्रत्येक सामग्री के अन्त में आभार के रूप में दिये जाएं ।

(प्रवीण आर्य)
अध्यक्ष, सम्पादक मंडल

वितरण :

1. समस्त प्रभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष – अनुरोध है कि वे इस परिपत्र को अपने–अपने प्रभाग/अनुभाग में कार्यरत कर्मियों को परिचालित करने की कृपा करें ।
2. निदेशक महोदय के निजी सचिव ।
3. कार्यालय प्रधान की प्रमुख निजी सचिव ।
4. अध्यक्ष, संगणक अनुप्रयोग प्रभाग को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाने की कृपा करें ।
5. प्रभारी, संग्रहालय ।
6. सम्पादक मंडल के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य ।